# दुग्ध उत्पादन बढ़ाने 'क्षीरधारा' होगी लागू

## राज्य पशु कल्याण सलाहकार मंडल की बैठक में दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 6 जनवरी. प्रदेश के कई ग्रामों में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रयासों से नस्ल सुधार कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं, जिससे पशुपालक उन्नत पशुपालन कर अधिक दुग्ध उत्पादन कर रहे हैं.**

ऐसे ग्रामों को आदर्श उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा अन्य ग्रामों को प्रेरित करने के उद्देश्य से क्षीरधारा ग्राम योजना लागू की जाएगी. इस योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहित करने तथा पशु स्वास्थ्य एवं पोषण सुनिश्चित करते हुए ग्राम स्तर पर समग्र दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा. योजना को तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाएगा.



यह जानकारी मंगलवार को मंत्रालय स्थित कक्ष में मध्यप्रदेश राज्य पशुकल्याण सलाहकार मंडल की बैठक के दौरान दी गई. बैठक की अध्यक्षता पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने की. इस दौरान पटेल ने मंडल द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की. साथ ही समस्त जिलों में जिला स्तर पर समितियों का गठन कर सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए. राज्यमंत्री पटेल ने विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना एवं स्वावलंबी गोशाला निवास नीति-2025 के क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की. उन्होंने योजनाओं के प्रभावी संचालन, गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा पशुपालकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने जानकारी दी कि प्रदेश का कुल दुग्ध उत्पादन 22.60 मिलियन मीट्रिक टन है, जिसमें प्रदेश का देश में तीसरा स्थान है. प्रदेश में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दुग्ध उपलब्धता 707 ग्राम है, जो कि राष्ट्रीय औसत 485 ग्राम से अधिक है.

### मंत्रिपरिषद के निर्णय की भाजपा ने की सराहना

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष प्रभुराम चौधरी ने राज्य मंत्रिपरिषद के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे ये क्षेत्र समृद्ध होंगे.

भाजपा नेता चौधरी ने एक बयान के जरिए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न बैठक में बुरहानपुर जिले की दो सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है. इससे 51 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी. उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद ने पीएम जनमन योजना के तहत 1039 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं. इस राशि से आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़कों और पुलियों का निर्माण होगा. इससे भी जनजातीय क्षेत्रों के विकास में मदद मिलेगी.

# एमपी अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में चार नए प्रभाग होंगे गठित

- सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक प्रस्ताव पर दी गई सहमति

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 6 जनवरी. प्रदेश में शहरी विकास के लिए एमपी अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों का गठन होगा.**

मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई एमपी अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की बैठक में इस संबंध में पेश प्रस्ताव पर सहमति बन गई है. प्रस्ताव के तहत इसमें परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी मोड, सूचना प्रौद्योगिकी, शहरी गतिशीलता और नमामि नर्मदे तथा हरित एवं नदी संरक्षण के लिए प्रभागों का गठन किया जाएगा. परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के तहत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा. इसमें सोलर प्रोजेक्ट्स, हरित बांड, अप्रयुक्त परिसंपत्तियों के वैकल्पिक उपयोग जैसे नवाचार भी प्रस्तावित हैं. सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग के तहत ई-नगर पालिका प्रणाली, सीसीटीवी-जीआईएस आधारित निगरानी व्यवस्था, नागरिक सेवा प्लेटफार्म के उन्नयन जैसी स्मार्ट सिटी प्रणालियां संचालित होंगी.

### एक नजर में

#### गुमशुदा नाबालिग लड़की को पुलिस ने खोजा

**भोपाल.** ऐशबाग थाना पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग लड़की की तलाश पूरी कर परिजनों को सौंप दिया है. नाबालिग बीते रविवार को अचानक गायब हो गई थी. परिजन अपनी बच्ची को लेकर लगातार चिंतित थे. मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाने में सूचना दी थी. परिजनों ने बताया कि 4 जनवरी को जब वह पास में संचालित कोचिंग में पढ़ने गई थी. इसके बाद वह घर नहीं पहुंची. परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लड़की को बहला फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना स्थल के आसपास में लगे कैमरो की फुटेज खंगाली. इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की नाबालिग 80 फीट रोड पर घूमते नजर आई है.

#### जंगली सुअर का मांस जब्त, तीन गिरफ्तार

**सिलवानी.** वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर गजंदा गांव के पास खेत में बनी झोपड़ी पर छापा मारा. तलाशी में करीब 400 ग्राम पका हुआ जंगली सुअर का मांस मिला. मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में मुन्नालाल, हरभजन और गटरूलाल शामिल हैं. तीनों गजंदा गांव के रहने वाले हैं. कार्रवाई वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला और उप वन मंडल अधिकारी इंदर सिंह बारे के निर्देशन में हुई.

# सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स की प्रांतीय कार्यकारिणी गठित

**भोपाल, 6 जनवरी. सतपुड़ा भवन में मंगलवार को सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मध्य प्रदेश का जिला सतना में हुये प्रांतीय अधिवेशन एवं निर्वाचन के बाद भोपाल में प्रांताध्यक्ष इंजी उमेश दुबे द्वारा भोपाल में बैठक आयोजित की गई.**

इस बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन वर्ष 2025 से 2028 समयावधी के लिये किये जाने हेतु प्राप्त प्रस्ताव अनुसार सूची निर्मित की गई। वर्तमान में संघ के समस्त कार्यों के सम्पादन हेतु ई आर के चौधरी को प्रांतीय महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित एवं मनोनीत प्रांतीय पदाधिकारियों का सतपुड़ा भवन में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल, विदिशा, होशंगाबाद के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुये. डिप्लोमा इंजी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष इंजी पवन तिवारी जी एवं इंजी सुरेंद्र करांजगांवकर जी , इंजी आर के साहू ,इंजी देवेंद्र भदोरिया, इंजी सूरज कुशवाहा जी इंजी कपिल त्यागी जी ,के एस राजपूत ,इंजी आर एम सिन्हा जी इंजी एच एस खरे जी इंजी प्रकाश मालवीय क्षेत्रीय अध्यक्ष रत्नाकर राऊत की उपस्थिति उल्लेखनीय रही.

# बीएचईएल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बीएचईएल संवाददाता**
**भोपाल. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ( सीएसआर ) के तहत बीएचईएल भोपाल ने भोपाल जिले के फंदा ( ग्रामीण ) विकासखंड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला, डोबरा जागीर में दो दिवसीय सामुदायिक कल्याण शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।**

शिविर के पहले दिन मेडिकल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाइयों का



वितरण किया गया। इस पहल से बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं को, जिन्हें आमतौर पर चिकित्सा सुविधाओं तक सीमित पहुंच रहती है।

दूसरे दिन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नियमित व्यायाम, योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। साथ ही संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को पोषक आहार भी वितरित किया गया।

> यह दो दिवसीय शिविर कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) टी. यू. सिंह तथा महाप्रबंधक पामिला सचदेव (चिकित्सा सेवाएं) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएचईएल के नगर प्रशासन विभाग, कस्तूरबा चिकित्सालय, विद्यालय प्रबंधन और ग्राम सरपंच सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जो सामाजिक दायित्वों के प्रति बीएचईएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सीएम डॉ. यादव के प्रयासों की सराहना की

**भोपाल, 6 जनवरी. मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार और लंबित परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतत प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की सराहना की.**



इस उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण एवं वन स्वीकृति जैसे कारणों से अटकी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए समन्वित समाधान तय करना रहा. मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मप्र की भौगोलिक स्थिति और विशाल क्षेत्रफल को देखते हुए प्रदेश में सड़क घनत्व राष्ट्रीय औसत से कम है.

# राजधानी में 1100 ट्रैक्टरों की रैली निकलेगी

- कृषि वर्ष के लिए जारी होगा विशेष कैलेंडर
- सीएम ने कैबिनेट में सरकार की प्राथमिकताएं गिनाईं

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 6 जनवरी. वर्ष-2026 - कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. लिहाजा अब कृषि वर्ष का आगाज बड़े स्तर पर करने की तैयारी है.**

प्रदेश में किसान कल्याण, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, राजस्व, ऊर्जा, नवकरणीय ऊर्जा से जुड़े आयामों पर विशेष कैलेंडर आगामी 11 जनवरी को राजधानी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जारी किया जाएगा. इसी दिन 1100 ट्रैक्टरों की रैली भी निकलेगी. जनवरी से दिसंबर तक पूरे प्रदेश में कृषि पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे, वहीं तीन वर्ष के लिये लक्ष्य तय कर गतिविधियां होंगी.

यह जानकारी मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को दी. नए वर्ष की पहली कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मंत्रियों को राज्य सरकार की प्राथमिकताएं गिनाईं, वहीं बीते पखवाड़े की प्रमुख उपलब्धियों और कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की. उन्होंने मंत्रियों से अगले तीन वर्ष के लिये लक्ष्य तय कर इस दिशा में लगातार आगे बढ़ने की बात की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों को कैलेंडर वर्ष 2026 प्रारंभ होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन अनुसार जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं. मप्र राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बनेगा और नागरिकों के हित में योजनाओं और परियोजनाओं के व्यवस्थित क्रियान्वयन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 23 जनवरी को कटनी और पन्ना में मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास की तैयारी की जा रही है. प्रदेश में चिकित्सा जगत में यह नई उपलब्धि है. गत 2 वर्ष में 6 शासकीय मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए.

### युवा ही देश में बदलाव ला सकते हैं: रचना जानी

**भोपाल.** संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था. इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय मुख्य अतिथि विवेकानंद केन्द्र, भोपाल की संगठन मंत्री रचना जानी, संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सौरभ शुक्ला, कमल प्रेमचंदानी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित हुए और एक हजार बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया. सर्वप्रथम संस्था के सचिव चेलानी ने आए हुए अतिथियों का परिचय देते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन में सात्विकता बढ़ती है, हमारे विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है.

# जेम पोर्टल से बाजार से ज्यादा रेट पर खरीदी

**बैरसिया, 6 जनवरी. स्कूल शिक्षा विभाग में जेम पोर्टल से खरीदी में बड़ा खेल चल रहा है, जिसमें जेम बिड में पहले सभी फर्म को टेक्निकल डिसक्वालिफाई किया जाता है. फिर अपनी पसंदीदा फर्म को क्वालिफाई करके एल -1, एल -2 , एल -3 करके आर्डर दिया जाता है.**

इस मिलीभगत से जेम पोर्टल पर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया जा रहा है और अन्य फर्मों के द्वारा कम रेट लगाने के बावजूद भी मिलीभगत से उनकी बिड डिसक्वालिफाई कर दी जाती है. साथ ही संबंधित प्राचार्यों से पूछा जाता है कि आपने बगैर उचित कारण के फर्म को डिस्क्वालिफाई किया है. तो प्राचार्य के द्वारा बताया जाता है कि वरिष्ठ कार्यालय के मौखिक आदेश जो मिला है, उसका पालन किया गया है. इस प्रकार का खेल जेम पोर्टल पर खरीदारी में चल रहा है. विभागीय सूत्रों का कहना है कि सरकार के जेम पोर्टल को भ्रष्टाचार का एक अच्छा खासा हथियार अधिकारी और विभाग ने बना लिया है. स्कूलों में बीते दो वर्षों में जो खरीदी जेम पोर्टल से की है. उक्त सामग्री के रेट में और बाजार के रेट में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है. जबकि शिक्षा विभाग द्वारा जेम पोर्टल को सामान खरीदी का माध्यम बनाया है. सूत्र बताते हैं कि टेंडर प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से प्रक्रियाधीन रहती है. और दुकान संचालकों को आर्डर जारी कर दिए जाते हैं.

भोपाल-बैरसिया विकासखंड अंतर्गत के कई हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में जेम पोर्टल से क्रय की गई सामग्री के रेट की जांच बाजार के रेट से मिलान कर की जाए तो एक बड़े अंतर की राशि का खुलासा सामने आ सकता है.

**इनका कहना है**

जेम पोर्टल से नियम अनुसार खरीदारी होती है. जिन लोगों को मौका नहीं मिल पाता है. वह शिकायत करते हैं.
**एन के अहिरवार,** जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल

# केसीसी वितरण के लिए विशेष अभियान चलाएं

**भोपाल : 6 जनवरी. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश के सभी सीईओ से वन-टू-वन चर्चा कर बैंकों की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

मंत्री सारंग ने मंगलवार को अपेक्स बैंक, भोपाल में सहकारिता विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की. बैठक में बताया गया कि पिछले 9 महीनों में सहकारी बैंकों के माध्यम से लगभग 50 हजार नए बचत खाते खोले गए हैं. वहीं 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025



की अवधि में गत वर्ष की तुलना में 300 करोड़ रुपये अधिक ऋण वितरण किया गया है, जो सहकारी बैंकिंग व्यवस्था में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है. मंत्री सारंग ने प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों के सीईओ से वन-टू-वन चर्चा कर बैंकों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी सहकारी बैंकों के नोडल अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में नियमित करें.

# नपा में धांधली, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

## कलेक्टर रायसेन को सौंपा 6 सूत्रीय मांग पत्र

**मंडीदीप, 6 जनवरी. नगर पालिका मंडीदीप पर लगे गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों पर जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने त्वरित संज्ञान लिया है. मीडिया हाउस द्वारा मंगलवार को कलेक्टर रायसेन को सौंपे गए मांग पत्र में नगर पालिका में व्याप्त अनियमितताओं और धांधली का विस्तृत उल्लेख किया गया था, जिस पर कलेक्टर ने रायसेन डूडा अधिकारी को सभी बिंदुओं पर जांच कराने के सख्त निर्देश दिए हैं.**

कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि जांच में जहां भी गड़बड़ियां मिलेंगी, वहां सख्त कार्रवाई की




जाएगी. उन्होंने जांच को प्राथमिकता देने का आश्वासन देते हुए कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा. मांग पत्र में नगर पालिका मंडीदीप को राज्य की सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाली नगरीय निकायों में से एक बताया गया है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के कथित गठजोड़ से योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित रह गया है.

**मुख्य रूप से इन बिंदुओं की जांच की मांग**

- अमृत-2 योजना में अनियमितता: 64 करोड़ रुपये की लागत से दाहोद जलाशय से मंडीदीप तक पेयजल आपूर्ति में ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप.
- तहबाजारी वसूली में गोलमाल: प्रतिदिन 1000 से अधिक फुटकर दुकानों से 20 रुपये प्रति दुकान वसूली जा रही है, लेकिन नपा में औसत 200 दुकानों की राशि जमा दिखाई जा रही है. शेष राशि का कथित रूप से बंटवारा हो रहा है.
- स्वच्छता विभाग में फर्जी कर्मचारी: नपा के स्वच्छता विभाग के 200 से अधिक कर्मचारियों में से करीब 100 घर बैठे वेतन ले रहे हैं, जिससे सफाई व्यवस्था चौपट होने के साथ नपा पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है.
- कायाकल्प योजना में खराब गुणवत्ता: करोड़ों की सड़कें जल्द जर्जर हो रही हैं, कई कार्य अधर में लटके हैं.
- प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली: 100 से अधिक हितग्राहियों का पता नहीं, अपात्रों को लाभ दिया गया है.
- सतलापुर बोर्ड कॉलोनी में उपेक्षा: हाउसिंग बोर्ड से 6.8 करोड़ मिलने के बावजूद सीवर, सड़क और नाली कार्य नहीं हुए, नालियों में भी भ्रष्टाचार.



# कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया

**भोपाल, 6 जनवरी.** श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण, एमसीसी ग्राउंड, 1100 क्वार्टर भोपाल में वृंदावन धाम से पधारे पंडित राहुल शुक्ला शास्त्री ने संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठवें दिन मंगलवार को कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीला एवं कंस वध एवं भगवान कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया.

**फेरबदल** | राज्य पुलिस सेवा के उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के ट्रांसफर

# देर रात 64 डीएसपी के थोक बंद तबादले

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल 6 जनवरी. राज्य सरकार ने मंगलवार देर रात राज्य पुलिस सेवा के उप पुलिस अधीक्षक स्तर के 64 अफसरों के थोक बंद तबादले किए हैं।**

आदेश के तहत मानसिंह टेकाम एसडीओपी गुनौर जिला पन्ना को डीएसपी पीएचक्यू पदस्थ किया गया है ,वही रामबाबू पाठक सहायक सेनानी 24 वी वाहिनी विसबल जावरा रतलाम को सहायक सेनानी 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल पदस्थ किया गया है। इसी तरह मनोज खत्री एसीपी यातायात जोन 2 नगरीय इंदौर को डीएसपी पीटीआरआई पीएचक्यू भोपाल, सुभाष सिंह डीएसपी रेडियो मुख्यालय भोपाल को डीएसपी साइबर मुख्यालय भोपाल, दिनेश चंद्र छारी सहायक सेनानी 14वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर को सहायक सेनानी सातवीं वाहिनी विसबल भोपाल, नीरज नामदेव एसडीओपी थांदला झाबुआ से डीएसपी पुलिस अकादमी भौरी भोपाल, अंतिम समाधिया डीएसपी पीएचक्यू भोपाल से डीएसपी ग्रामीण




जिला भोपाल, अंजली रघुवंशी एसीपी चुना भट्टी नगरीय भोपाल से एसीपी महिला अपराध नगरीय भोपाल, वैशाली कराहरिया सीएसपी बालाघाट से एसडीओपी बैरसिया जिला भोपाल, चंद्रभान सिंह चढ़ार कार्यवाहक डीएसपी ग्रामीण ग्वालियर से कार्यवाहक एसीपी संपत्ति व आर्थिक अपराध नगरीय भोपाल, अनिल कुमार वर्मा कार्यवाहक डीएसपी पीटीसी इंदौर से कार्यवाहक एसीपी अपराध नगरीय भोपाल, आलोक श्रीवास्तव कार्यवाहक एसडीओपी बेगमगंज जिला रायसेन से कार्यवाहक एसीपी चूना भट्टी नगरीय भोपाल, नीता चौबे कार्यवाहक एसीपी आजाद व महिला अपराध नगरीय भोपाल से कार्यवाहक एसीपी मुख्यालय व प्रशिक्षण नगरीय भोपाल , प्रीतम सिंह ठाकुर कार्यवाहक डीएसपी महिला सुरक्षा बुरहानपुर से कार्यवाहक डीएसपी ईओडब्ल्यू भोपाल, राजेंद्र कुमार सिंह कार्यवाहक सहायक सेनानी 10वीं वाहिनी विषबल सागर से कार्यवाहक डीएसपी मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी भौरी भोपाल, रामस्नेह चौहान कार्यवाहक डीएसपी रेल ग्वालियर से कार्यवाहक डीएसपी रेल भोपाल , नितेश पटेल एसडीओपी बीना जिला सागर से पुलिस मुख्यालय भोपाल सदस्य किए गए हैं।

### छह माह से बिजली नहीं, लोगों में आक्रोश

**बेगमगंज.** बेरखेड़ी जोरावर में पिछले 6 माह से बिजली नहीं है. विद्युत पर आधारित सभी कार्य ठप होने से ग्रामीणजन परेशान है. वहीं वार्षिक परीक्षाएं सिर पर होने से बच्चों की पढ़ाई नहीं होने के कारण बच्चों सहित अभिभावक भी चिंतित हैं, क्योंकि पिछले माह से गांव में अंधेरा पसरा हुआ है. जिम्मेदार प्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाई जाने के बावजूद भी गांव से उतर गया ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया जिससे बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है, जबकि बकायादार बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बिजली का बकाया बिल जमा किए हुए डेढ़ माह व्यतीत हो गया है .

**कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचनार्थ**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय, भोपाल के कार्यालय/ न्यायालयों के उपयोग की लेसर प्रिंटर, कार्टरेज मॉडल केनन-051 निविदा (PAC Only) दस्तावेज में उल्लेखित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत को क्रय किए जाने हेतु अनुभवी, प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाना हैं. उक्त निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12/1/2026 को सायं 17.00 बजे तक है. निविदाएं ऑनलाइन जेम पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा. उक्त प्राप्त निविदाएं दिनांक 12/1/2026 को सायं 17.30 बजे अधिकृत कमेटी के समक्ष खोली जावेंगी. ई-टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त निविदाओं में से तकनीकी एवं वित्तीय दस्तावेजों के अवलोकन के पश्चात प्रस्तुत निविदा पर अधिकृत कमेटी द्वारा विचार में लिया जावेगा. उक्त निविदा संबंधी विस्तृत दस्तावेज एवं निविदा की नियम एवं शर्तें माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाइट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय भोपाल की वेबसाइट https://bhopal.dcourts.gov.in//#tenders तथा जेम ई-टेंडर पोर्टल www.gem.gov.in पर उपलब्ध हैं.

G23999/25

**प्रधान, जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल (म.प्र.)**